राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 9 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे से शुक्रवार को राजभवन में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम.एल. लाठर, सूचना आयुक्त श्री सुरेश चंद्र गुप्ता, श्री महेंद्र कुमार पारख और श्री टीकाराम शर्मा ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री बागडे से इन–सबकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

—

राज्यपाल ट्रेन से बाड़मेर जाएगे, 11 अगस्त को प्रातः जयपुर आने का कार्यक्रम

जयपुर, 9 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे शुक्रवार, 9 अगस्त को रात्रि 8.55 बजे मालाणी एक्सप्रेस ट्रेन से बाड़मेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

श्री बागडे 10 अगस्त को बाड़मेर में सीमा क्षेत्रों का दौरा करने के साथ ही सैनिक सम्मेलन में भाग लेंगे। वह बाड़मेर में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी लेंगे। राज्यपाल का शनिवार, 10 अगस्त रात्रि को ही बाड़मेर से ट्रेन से रवाना होकर 11 अगस्त को सुबह जयपुर आने का कार्यक्रम है।

——